दिन– सोमवार | दिनांक– 09 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज हरियाणा के पानीपत में बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे।

02. बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना जारी। अठारह उम्मीदवारों की किस्मत का होगा फैसला।

03. बिहार पुलिस में सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदों पर बहाली के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा आज से पटना में शुरू।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई स्थानों पर बादल छाये रहने और हल्की वर्षा का पूर्वानुमान जताया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज हरियाणा के पानीपत में बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे। इसका उद्देश्य महिलाओं में वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देना है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

———————————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना जारी है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतगणना के लिए मुजफ्फरपुर के एमआईटी में केन्द्र बनाया गया है। मतगणना कार्य के लिए बीस टेबल बनाये गए हैं। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार ने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस और दंडाधिकारी की तैनाती की गई है। उपचुनाव में कुल अठारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें जदयू के अभिषेक झा, राजद के गोपी किशन और जनसुराज के विनायक गौतम प्रमुख हैं।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने स्पष्ट किया है कि सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा की तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने कहा कि तेरह दिसम्बर को प्रारंभिक परीक्षा होगी, जिसमें चार लाख अस्सी हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के लिए एक हजार से अधिक केंद्रों पर लगभग तीस हजार सीसीटीवी कैमरे और जैमर पहले ही लगाए जा चुके हैं। आयोग के अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि बीपीएससी के सर्वर में कोई तकनीकी समस्या नहीं थी। उन्होंने कहा कि जब फार्म भरने की अंतिम तिथि अठारह

अक्टूबर से बढ़ाकर चार नवंबर की गई तब पंद्रह दिनों की विस्तारित अवधि में लगभग एक लाख चालीस हजार से अधिक छात्रों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया था। इधर, परीक्षा में गड़गड़ी की आशंका को लेकर आर्थिक अपराध इकाई ने अलर्ट जारी किया है। ईओयू ने सभी जिलों में पुलिस अधीक्षकों को सतर्कता बढ़ाने और आपराधिक तत्वों पर नजर रखने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

राज्य की सहकारी समितियों के माध्यम से लोगों को पांच सौ किलोवाट से दो मेगावाट तक के सोलर पैनल अनुदान पर दिये जायेंगे। सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा संरक्षण और उत्थान महाअभियान के अन्तर्गत सौर ऊर्जा पर किसानों की निर्भरता बढ़ाने के लिए सोलर पैनल दिये जा रहे हैं।

———————————————————————

कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ विश्वविद्यालय ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट, क्लैट का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में राजधानी पटना के नमन प्रदेशभर में पहले स्थान पर रहे हैं। जबकि दूसरे स्थान पर प्रियांक सिन्हा हैं। नमन ने छियानवे दशमलव पांच अंक के साथ देशभर में साठवां स्थान प्राप्त किया है। क्लैट परीक्षा एक दिसंबर को देश के एक सौ इकतालीस केंद्रों पर आयोजित की गई थी। परीक्षा के लिए बिहार से चार हजार चार सौ चौदह छात्रों ने आवेदन किया था। इनमें से सत्तर प्रतिशत से अधिक छात्रों ने सफलता पायी है। सफल परीक्षार्थियों की काउंसिलिंग ग्यारह दिसम्बर से होगी।

———————————————————————

राज्य में अब तक एक करोड़ पचपन लाख परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। इसमें तीन करोड़ साठ लाख व्यक्ति शामिल हैं। पटना में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि इनमें दो करोड़ से अधिक लोगों के कार्ड पिछले दस महीने में बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एक करोड़ उनासी लाख परिवारों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य है।

———————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में क्लाउड कंप्यूटिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल गवर्नेंस में नवाचारों द्वारा संचालित भारत की विकसित डिजिटल अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि अब तक एक सौ अड़तीस करोड़

चौंतीस लाख आधार कार्ड बनाये गये हैं। डिजिलॉकर प्लेटफ़ॉर्म पर लगभग सैंतीस करोड़ उपयोगकर्ताओं के सात सौ छिहत्तर करोड़ दस्तावेज़ संग्रहित किए गए हैं।

———————————————————————

बिहार पुलिस में सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदों पर बहाली के लिए दूसरे चरण की शारीरिक दक्षता परीक्षा आज से पटना के गर्दनीबाग हाई स्कूल मैदान में शुरू हो गयी है। तीन माह तक चलने वाली इस परीक्षा में एक लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। इस दौरान अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता और उनके प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी।

———————————————————————

बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड ने फोकानिया और मौलवी परीक्षा की संशोधित तिथि जारी की है। अब ये परीक्षाएं अगले वर्ष बीस जनवरी से आयोजित की जायेंगी। इससे पहले यह परीक्षा बाईस जनवरी से शुरू होनी थी।

———————————————————————

बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय आज पटना में पहला दीक्षांत समारोह आयोजित कर रहा है। मुख्यमंत्री सह कुलाधिपति नीतीश कुमार इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा जल संसाधन और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग भी इस समारोह में शामिल होंगे।

———————————————————————

उत्तराखंड में बहु–प्रतीक्षित शीतकालीन चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। इस दौरान श्रद्धालुओं को चारों पवित्र धामों के शीतकालीन निवास स्थल जाने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रूद्रप्रयाग जिले के ऊखीमठ में ओंकारेश्वर मंदिर में यात्रा का आधिकारिक रूप से उद्‌घाटन किया। सर्दी के मौसम में यह भगवान केदारनाथ की मूर्ति का निवास स्थल है।

———————————————————————

प्रदेश के मौसम में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार आज कई स्थानों पर बादल छाये रहने के साथ ही हल्की वर्षा का पूर्वानुमान है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि आज सुबह पटना, भोजपुर, अरवल, रोहतास और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई है। विभाग ने आज और कल राज्य के दक्षिण–पूर्वी और उत्तरी भागों में कई स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने का येलो अलर्ट जारी किया है। इधर, मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। यहां का न्यूनतम

तापमान सात दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————————

राजधानी पटना के गांधी मैदान क्षेत्र की हवा दिल्ली से भी ज्यादा प्रदूषित हो गयी है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गांधी मैदान और इसके आस–पास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक, एक्यूआई तीन सौ अंठानवे पहुंच गया है। यह स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत खतरनाक माना जाता है। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के अन्य जिलों में भी एक्यूआई खराब स्थिति में बना हुआ है।

———————————————————————————

बनारस–प्रयागराज जंक्शन पर दोहरीकरण और झुंसी–प्रयागराज रामबाग मार्ग के बीच नॉन इंटरलॉकिंग कार्य को लेकर दानापुर–सिकंदराबाद समेत बारह रेलगाड़ियों का परिचालन तेरह दिसम्बर तक अलग–अलग तिथियों को रद्द कर दिया गया है। इसके साथ ही छह रेलगाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण के बेतिया–लौरिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनकटवा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी। वहीं, मधुबनी जिले के मधवापुर–साहरघाट सड़क पर बस और ऑटो की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य लोग घायल हो गये।

———————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के मेहसौल थाना क्षेत्र के नाहर चौक स्थित केंद्रीय संचार ब्यूरो कार्यालय से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। बताया जा रहा है कि मृतक केंद्रीय संचार ब्यूरो कार्यालय में अनुसेवी के पद पर कार्यरत था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के सिंघौल थाना क्षेत्र के उलाव में एसटीएफ और बेगूसराय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर एक मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अवैध हथियार बनाने वाले उपकरण और कारतूस जब्त किये गये हैं।

———————————————————————————

अररिया जिले की सिमराहा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को पुलिस को गुमराह करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना जिले की गर्दनीबाग थाना क्षेत्र की पुलिस ने चार सौ ग्राम गांजे के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, पूर्वी चम्पारण जिले के लखौरा थाना क्षेत्र की पुलिस ने छोटा एकही गांव से ग्यारह किलो ब्राउन शुगर, छह किलो चरस और दो किलो गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इधर, खगड़िया जिले के मंडल कारा में बंदियों को मोबाईल फोन पहुंचाने के आरोप में एक होमगार्ड जवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

———————————————————————

पटना में साईबर अपराधियों ने एनएमसीएच के एक अवकाश प्राप्त चिकित्सक को डिजिटल अरेस्ट कर चौहत्तर लाख रूपये ठग लिये।

———————————————————————

कैमूर जिले के पुलिस अधीक्षक सोनहन थानाध्यक्ष को एक व्यक्ति की प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के आरोप में निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र स्पोट्र्स कॉम्पलेक्स में आज से मशाल दो हजार चौबीस प्रतियोगिता शुरू हो रही है। शिक्षा विभाग, खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, साईकिलिंग, कबड्डी, फुटबॉल और वॉलीबॉली की प्रतियोगिता होंगी। जिसमें अंडर फोर्टीन और अंडर सिक्सटीन के बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

ओडिशा के भुवनेश्वर में सम्पन्न उनतालीसवीं जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राज्य के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता है। अंडर सिक्सटीन वर्ग की साठ मीटर दौड़ में बिहार के दिव्यांशु कुमार ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इसी वर्ग के शॉटपुट में देशराज ने सौलह दशमलव आठ चार मीटर दूर गोला फेंक कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया है।

वहीं, महाराष्ट्र के औरंगाबाद में खेली जा रही कूच बिहार अन्डर नाईनटीन क्रिकेट प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के खिलाफ बिहार ने पहली पारी में दो सौ चालीस रन बनाये हैं। जवाब में महाराष्ट्र की टीम ने चार विकेट के नुकसान पर दो सौ बाईस रन बना लिये हैं।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने सीरिया में हो रहे राजनीतिक उठा–पटक को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– सीरिया में बगावत, बशर रूस भागे। विद्रोहियों ने दमिश्क पर कब्जा किया जनता का सड़कों पर जश्न। दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– प्रदेश में दो लाख चौंतीस हजार नये पद भरने की प्रक्रिया शुरू, विभिन्न आयोगों को भेजी जाएगी अधियाचना। दैनिक भास्कर ने पीएमसीएच की छत पर हेलीपैड बनाये जाने को प्रमुखता दी है। अखबार लिखता है– पहली बार सरकारी अस्पताल की छत पर बना हेलीपैड, फरवरी से होगी शुरूआत। प्रभात खबर ने शिक्षक भर्ती परीक्षा को प्रमुखता देते हुये लिखा है– नौंवी और दसवीं कक्षा में उन्नीस हजार पांच सौ संतानवे और ग्यारहवीं–बारहवीं में तीन सौ उनसठ शिक्षकों की होगी भर्ती। राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने किसानों के दिल्ली कूच से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज हरियाणा के पानीपत में बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे।

02. बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना जारी। अठारह उम्मीदवारों की किस्मत का होगा फैसला।

03. बिहार पुलिस में सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदों पर बहाली के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा आज से पटना में शुरू।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई स्थानों पर बादल छाये रहने और हल्की वर्षा का पूर्वानुमान जताया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।